झंडारोहण के साथ मल्लीनाथ तिलवाड़ा पशु मेला शुरू, ग्रामीण संस्कृति के साथ सजा हाट बाजार

मल्लीनाथ तिलवाड़ा पशु मेले में दूर दराज से अश्व पहुंचे। फोटो-राष्ट्रदूत

राजस्थान के प्राचीन मेलों में सुमार श्री मल्लीनाथ तिलवाड़ा पशु मेले का पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत एवं जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव के आतिथ्य में शुभारंभ हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

बालोतरा, (नि.सं.)। राजस्थान के प्राचीन मेलों में सुमार श्री मल्लीनाथ तिलवाड़ा पशु मेले का आज पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत एवं जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर किया तथा विधिवत झण्डारोहण किया। इसके साथ ही श्री मल्लीनाथ तिलवाड़ा पशु मेला का शुभारंभ हुआ। जो 08 अप्रैल तक चलेगा।

मेला मैदान में राजस्थानी संस्कृति से सजा हाट बाजार ग्रामीण संस्कृति को रूबरू करा रही है। मेले को लेकर युवाओं के साथ बुजुर्गों में खासा उत्साह देखने को मिला। पशुपालक विभाग की ओर से आयोजित मेले को देखने व खरीदारी के लिए जिले भर से हजारों की संख्या में मेलार्थी पहुंचे।

मंगलवार प्रात: 9.45 बजे पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत के पहुंचने पर मार्च पास्ट की सलामी दी गई। साथ ही मेलार्थी डाक बंगले से गाजे बाजे से मेला ध्वज लेकर मेला झंडारोहण स्थल पहुंचे। पंडित जोगराज दवे के वैदिक मंत्रोच्चार पर पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत, जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव, पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान, उपखंड अधिकारी अशोक कुमार ने झंडारोहण किया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों व मेलार्थियों ने श्री मल्लीनाथ जी के जयकारे लगाए।

इस अवसर पर पशुपालन मंत्री एवं प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने बजट घोषणाओं के माध्यम से पशुपालन व्यवसाय को मजबूत करने का काम किया है। उनका संकल्प है कि राजस्थान के किसानों एवं पशुपालकों को आत्मनिर्भर एवं उनकी आय को बढ़ा कर सशक्त बनाया जाए, इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने गौशाला एवं पशुधन पर मिलने वाले अनुदान को बढाने का काम किया। पशुपालकों के पशुधन को निशुल्क इलाज उपलब्ध करवाने के लिए मोबाइल वैनेटरी यूनिट को शुरू किया। अब दूरदराज के क्षेत्रों के पशुपालक द्वारा 1962 पर एक फोन से उनके पशुधन को निशुल्क इलाज मिल रहा है।

गौमाता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए राज्य सरकार ने सेक्स सोर्टेड सीमन से कृत्रिम गर्भाधान की योजना को शुरू किया है। जिससे पशुओं में नस्ल सुधार के साथ ही बेसहारा पशुओं से निजात मिलेगी।

कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने मेलार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि श्री मल्लीनाथ तिलवाड़ा पशु मेला बालोतरा जिले की पहचान बन गया है। इस ऐतिहासिक धरोहर को हमे सहेज कर रखना है। इस मेले में देश के विभिन्न राज्यों से व्यापारी अपने पशुधन को बेचने और खरीदने के लिए आते है। उन्होंने कहा कि इस बार मेले की आय को मेले की आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर खर्च किया जाएगा।

पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी ने कहा कि श्री मल्लीनाथ तिलवाड़ा पशु मेले की भव्यता को बनाये रखने के हर संभव प्रयास किये जायेगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में मेले के विकास हेतु आधारभूत संरचनाओं के निर्माण किया जायेगा।

कुमावत एवं यादव ने मेले का अवलोकन किया

मेले के विधिवत शुभारंभ पश्चात पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत एवं जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने मेला परिसर में दुकानों का अवलोकन किया तथा पशु पालकों से वार्ता की। साथ ही मेला परिसर में उपलब्ध सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

उपखंड अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 26 मार्च को माता राणी भटियाणी संस्थान जसोल के सौजन्य से दयाराम मेडता एण्ड पार्टी के द्वारा अमरसिंह राठौड़ की जीवनी पर आधारित कथा, हास्य संवाद, सत्यवादी राजा हरिशचंद एवं राणी तारामती की कथा, हास्य नाटक, राजा मोरध्वज ख्यात नृत्य, गायन एवं नृत्य के साथ हास्य वाद संवाद कर अपनी प्रस्तुति देगें। इस दौरान दीपक एवं गुलाल की रंगोली आकर्षण का केन्द्र रहेगी।

पुलिस अधीक्षक हरीशंकर, पचपदरा तहसीलदार गोपीकिशन पालीवाल, विकास अधिकारी हीराराम कलबी, व्याख्याता डॉ. रामेश्वरी चौधरी एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ मेलार्थी उपस्थित रहे।

विश्व क्षय रोग दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

जालोर, (का.सं.)। विश्व क्षयरोग दिवस 2025 के अवसर पर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, किशनगढ़ में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें टीबी उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियाँ संपन्न हुईं। यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र, जालोर के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रघुनाथ राम एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य पवनी के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मोहन गोरा (बालाजी हॉस्पिटल) रहे, जिन्होंने क्षय रोग के लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में धर्मसिंह मीणा (अध्यापक) ने भी अपने विचार व्यक्त किए और टीबी उन्मूलन में जागरूकता की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के तहत निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में अनिल ने प्रथम स्थान, अंजू कुमारी ने द्वितीय स्थान तथा पूजा कंवर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों ने क्षय रोग उन्मूलन में सहयोग देने की शपथ ली।

विद्यालय की अध्यापिका साक्षी शर्मा भी कार्यक्रम में उपस्थित रही और उन्होंने इस आयोजन की सराहना करते हुए छात्रों को जागरूकता अभियानों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर उपस्थित व्यक्तियों एवं प्रतिभागियों ने टीबी मुक्त समाज बनाने के संकल्प के साथ कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया। साथ ही "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

इस दौरान जल संरक्षण की कड़ी में पेड़ों की महत्ता को रेखांकित करते हुए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विजेता विद्यार्थियों को बैग वितरित किए गए।

राजस्थान स्थापना दिवस को लेकर 31 तक कई कार्यक्रम

पाली, (नि.सं.)। राजस्थान स्थापना दिवस के आयोजन के क्रम में आज से 31 मार्च तक विविध आयोजन होंगे। इसमें आज राज्यस्तरीय कार्यक्रम महिला सम्मेलन का आयोजन बाड़मेरर में आयोजित हुआ और सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। पाली में कार्यक्रम का आयोजन व जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला परिषद सभागार में आयोजित हुआ जिसमें महिलाओ को विभिन्न योजनाओं के लिये अधिकारियों को दायित्व सौंपे और आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग , महिला अधिकारिता , राजीविका में 8 करोड 2 लाख पैंतालीस हजार रूपये राशि का हस्तान्तरण महिला स्ंवय सहायता समूह को व इंडेकशन कुक टॉप का वितरण किया गया । जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सांकेतिक रूप से प्रदान किया गया।

इससे पहले जिला परिषद में आयोजित कार्यक्रम में जिला कलक्टर एलएन मंत्री कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर अश्विनी सिंह पंवार , सीईओ मुकेश चौधरी , नाडल महिला एवं बाल विकास राजेश शर्मा , सहायक नोडल महिला अधिकारिता भागीरथ चौधरी , जिला स्तरीय अधिकारी विभिन्न योजनाओं की लाभार्थी व महिलायें मौजूद रही। इसी प्रकार 26 मार्च बुधवार को किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम अयोजित किया जायेगा जिसमें किसानों को विभिन्न योजनाओ में लाभान्वित किया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम 12 बजे से 2 बजे तक जिला परिषद में आयोजित किया जायेगा। इसके नोडल अधिकारी संयुक्त निदेशक कृषि होंगे। इनमें कृषि, उद्यानिकी, सहकारिता, पशुपालन आदि विभागों की सहभागिता होगी। राज्यस्तरीय कार्यक्रम में किसान उत्पादन संगठनों का मेला व प्रदर्शनी का उद्घाटन, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा विभिन्न दिशा निर्देश जारी करना, 30 हजार किसानों को 137 करोड़ रुपये का अनुदान हस्तांतरण, पीएम किसान सम्मान निधि में राशि में वृद्धि के दिशा निर्देश, मंगला पशु बीमा योजना में लाभान्वित का दायरा बढ़ाना, पशुधन नि:शुल्क आरोग्य योजना के अंतर्गत नि:शुलक उपलब्ध कराये जा रहे औषधियों व टीकों की संख्या 138 से बढ़ाकर 200 किए जाने के निर्देश जारी करना, मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम, आर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए बैल से खेती करवाएं जाने पर 30 हजार की प्रोत्साहन राशि दिशा निर्देश दिए जाएंगे।

जसमूल डेयरी में स्थायी एम.डी. लगाने की मांग

जालोर-सिरोही जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड रानीवाड़ा के दुग्ध उत्पादक और सचिवों ने समस्याओं और मांगों को लेकर उपखंड अधिकारी सुनील कुमार को ज्ञापन दिया। फोटो-राष्ट्रदूत

रानीवाड़ा, (नि.सं.)। जालोर-सिरोही जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, रानीवाडा, के दुग्ध उत्पादक और सचिवों ने समस्याओं और मांगों को लेकर उपखंड अधिकारी सुनील कुमार को ज्ञापन प्रस्तुत किया।

दुग्ध उत्पादकों ने दूध खरीद दर में वृद्धि, समय पर भुगतान, मार्जिन राशि में संशोधन, चिलिंग चार्जेज में सुधार, मुख्यमंत्री अनुदान का समय पर वितरण और घी की मांग अनुसार आपूर्ति जैसी मांगें उठाई हैं। उनके अनुसार, वर्तमान में संघ द्वारा दुग्ध खरीद दर सात सौ सत्तर प्रति फ़ेट तय की गई है, जबकि अन्य डेयरियां आठ सौ पन्द्रह प्रति फ़ेट का भुगतान कर रही हैं।

उन्होंने मांग की है कि दर समान की जाए। समितियों की मांग है कि दूध का भुगतान समय पर किया जाए और मार्जिन राशि को 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 6 प्रतिशत किया जाए। बीएमसी समितियों को चिलिंग चार्ज पच्चीस पैसा प्रति लीटर से बढ़ाकर सवा रूपया प्रति लीटर दूध किया जाए। साथ ही, घी की मांग के अनुसार, विशेष तौर पर शादी के सीजन में, आपूर्ति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है।

दुग्ध उत्पादकों ने स्पष्ट किया है कि यदि 25 मार्च 2025 तक इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन व धरना किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को संभावित आंदोलन की स्थिति की जिम्मेदारी लेने को कहा है।

भाटी ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को कानूनी अधिकार बताए

पाली, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार विक्रम सिंह भाटी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पाली (अपर जिला न्यायाधीश) द्वारा सेवा समिति द्वारा संचालित वृद्धाश्रम का विजिट कर वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

सचिव भाटी ने वृद्धाश्रम में वृद्धजनों से पृथक-पृथक रूप से वार्तालाप कर भोजन-पेयजल व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई। विजिट के दौरान उन्होंने रसोई व कमरों की सफाई, स्नानघर एवं शौचालयों की साफ-सफाई व्यवस्था उत्तम पाई गई।

प्रमोद जैथलिया अध्यक्ष वृद्धाश्रम सेवा समिति ने वृद्धाश्रम के भवन एवं उपलब्ध सुविधाओं के बारे में सचिव भाटी को विस्तार से जानकारी दी गई। वृद्धाश्रम में वर्तमान में 71 वरिष्ठ नागरिक आवासित है, जिनके रहने के लिए पृथक-पृथक कक्ष, बेड, पुस्तकालय इत्यादि की व्यवस्था है। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के लिए वृद्धाश्रम में फिजियोथैरेपी की सुविधा उपलब्ध है, जहाँ मरीजों की विषय-विशेषज्ञों द्वारा जांच की जाती है। इसके अतिरिक्त आयुर्वेदिक उपचार भी उपलब्ध करवाया जाता हैं तथा नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच की जाती है। वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को संतुलित पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाया जाता है। सचिव भाटी द्वारा नि:शुल्क विधिक सहायता, नालसा एवं रालसा द्वारा जारी वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों एवं कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। इस दौरान वृद्धाश्रम के अध्यक्ष प्रमोद जैथलिया, रमेश बाबानी आदि उपस्थित रहे।

मस्जिद ए ईरान में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया

डीसा गुजरात के सैय्यद अख्तर उल कादरी उर्फ भाई जान बावा रहमतुल्लाह अलेही के जन्मदिन पर इफ्तार पार्टी हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

मंडार, (नि.सं.)। डीसा गुजरात के पीरे तरीकत सैय्यद अख्तर उल कादरी उर्फ भाई जान बावा रहमतुल्लाह अलेही के जन्मदिन 23 रमजान सोमवार शाम को कस्बे के मस्जिद ए ईरान में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।

मास्टर अशरफ असगरी ने बताया कि पीरो मुर्शिद की यौमे विलादत की खुशी में मस्जिद ए ईरम के मदरसा हॉल में ईफ़तार पार्टी रखी गई। जिसमें लगभग सौ मुस्लिम समाज बंदूओ ने भाग लिया। इसमें प्रत्येक प्रकार के फल खजूर शरबत दूध कोल्ड ड्रिंक ठंडा पानी आइसक्रीम परोसा गया।

रात्रि में तरावी की नमाज के बाद पेस इमाम मौलाना सिद्दीक अकबरी फातिया पढ़ कर देश में अमन चैन की दुआ भी की गई। फातिया खानी के बाद नियाज़ तकसीम की गई।

इस कार्यक्रम में मौलाना नोमान, मौलाना कासिम, फरीद मोहम्मद असगरी, रुस्तम खान भाटी, हाजी रमजान खान, हाजी रफीक कुरैशी, महबूब खान मेहर, अकरम खान मेहर, नसीर खान, इम्तियाज भाटी, सब्बीर भाटी उपस्थित रहे।

शिकारपुरा धाम में होली स्नेह मिलन समारोह हुआ

पाली, (नि.सं.)। शिकारपुरा संत राजेश्वर भगवान शिकारपुरा धाम में आज 25 मार्च मंगलवार को फूलडोर एवं होली स्नेह मिलन आशीर्वाद समारोह महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन मन्दिर गादीपति महन्त दयारामजी महाराज के सानिध्य में हुआ।

कार्यक्रम में पारम्परिक गैर नृत्य समाज की सांस्कृतिक वेशभूषा अपनाकर गौरवशाली राजस्थानी लोक संस्कृति चंग की थाप व ढोल, थाली, नगाडा की गूंज पर पारम्परिक फूलों की पंखुडिया व रंग गुलाल से होली खेली एवं धोती कुर्ता पहनकर व साफा बांधकर, घुंघरू पहनकर गैर नृत्य किया। आँजणा पटेल समाज के गैर दलों ने घुंघरू व डांडिया की खनक के साथ अपने-अपने नृत्य की प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर मन्दिर पुजारी सांवलराम, कानाराम महाराज, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल आदि मौजूद रहे।

उपभोक्ता संरक्षण परिषद् की बैठक व संगोष्ठी हुई

पाली, (नि.सं.)। उपभोक्ता जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम के तहत पाली जिले में मंगलवार को पेंशन भवन सभागार कलेक्ट्रेट परिसर में उपभोक्ता संरक्षण परिषद की बैठक एवं थीम- "टिकाउ जीवन शैली की ओर एक उचित बदलाव" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) ने उपभोक्ताओं को जागरूक रहने संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई गई।

एडवोकेट गगजेंद्र सिंह राजपुरोहित ने सौर उर्जा सयंत्र स्थापित करने, उपभोक्ता कानून, उपभोक्ता अधिकार, भ्रमक विज्ञापन, ऑनलाईन शॉपिंग करने तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत कानूनी प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराई। नूतन पहल महिला समिति के अध्यक्ष श्रीमती नूतन बाला कपिला ने उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति उपभोक्ता आयोग में मामला दर्ज कराने संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई गई। जागरूक उपभोक्ता तथा पाली जिला जनचेतना समिति के अध्यक्ष डॉ. के. एम. शर्मा ने दैनिक जीवन शैली में पर्यावरण हितेषी कार्यों पर बल दिया। अध्यक्ष सिविल सोसाईडी पाली डॉ. राजकमल पारीक ने जलवायु परिवर्तन के दुरूपयोग पर प्रकाश डाला। उक्त कार्यक्रम में उपभोक्ता विषयक क्लब प्रभारी/स्वयं सेवी संस्था पाली जिले के गणमान्य अधिवक्ता तथा जिले के राशन डीलर्स, व्यापार संघ के अध्यक्ष इत्यादि भी उपस्थित रहे।

जिला रसद अधिकारी मनजीत सिंह ने बताया कि उपभोक्ताओं को ऑनलाईन खरीददारी के समय जागरूकता तथा सामग्री की वास्तविक गुणवत्ता अनुसार खरीद करने संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई। प्रवर्तन अधिकारी कमल कुमार पंवार ने बैठक का सधन्यवाद समापन किया गया।

आम सभा आयोजित

जालोर, (का.सं.)। दी जालोर सैण्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि., जालोर की 64वीं वार्षिक आमसभा मंगलवार को बैंक के प्रधान कार्यालय के सभा भवन में बैंक के हिस्साधारी सहकारी समितियों एवं अन्य समितियों के अध्यक्षों की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन एवं कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बैंक के वर्ष 2023-24 की अवधि के लेखे प्रस्तुत करते हुए बैंक द्वारा वर्ष 2023-24 में की गई प्रगति के बारे में बताया।

रामनवमी महोत्सव समिति की घोषणा, भव्य आयोजन की तैयारी शुरू

पोकरण, (नि.सं.)। विश्व हिंदू परिषद द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले श्री रामनवमी महोत्सव को लेकर आदर्श विद्या मन्दिर माध्यमिक परिसर में सोमवार रात्रि बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष शिवा गहलोत ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ मदन माली उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित प्रांत समरसता प्रमुख पवन वैष्णव अपने उद्बोधन में कहा कि "सबके राम, सबमें राम विषय पर सारगर्भित चर्चा करते हुए वर्तमान समय में राम राज्य की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कुंभ में हुए ऐतिहासिक समरसता अमृत स्नान की चर्चा करते हुए कहा कि यह समाज में एकता और समरसता का प्रतीक है। उन्होंने सभी से अपने-अपने गांवों ल और क्षेत्रों में रामनवमी उत्सव को भव्य रूप से मनाने का आहवान किया।

बजरंग दल जिला संयोजक वीरमसिंह सनावडा ने गत श्री रामनवमी महोत्सव समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा का वृत्त पेश किया। इस अवसर पर विहिप जिला मंत्री तनसिह राजगढ़ ने समिति के पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए बताया कि इस वर्ष भी रामनवमी महोत्सव को पूरे उत्साह और

विश्व हिंदू परिषद् की ओर से होने वाले श्री रामनवमी महोत्सव को लेकर आदर्श विद्या मन्दिर माध्यमिक परिसर पोकरण में बैठक आयोजित हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

भव्यता के साथ मनाई जाएगी।

रामनवमी महोत्सव समिति 2025 के लिए डॉ मदन माली को समिति अध्यक्ष, रमेश टावरी , प्रताप सिंह, विष्णुकांत थानवी, सुरेश नागौरा, बाबूलाल पालीवाल कुम्पसिह बामणु और कंवर लाल माली को समिति उपाध्यक्ष, जेठूसिंह सोढा महामंत्री, चंदनसिंह को सहमंत्री, एडवोकेट सत्यनारायण पुरोहित कोषाध्यक्ष, प्रचार प्रसार प्रमुख वीरमसिंह, पप्पुलाल भील, विनोद पालीवाल सह प्रमुख, धनश्याम माली विद्यालय और छात्रावास प्रमुख बनाए गए।

इसके अलावा सजा सजावट प्रमुख प्रभात शर्मा, सह प्रमुख रतन वाल्मीकि, प्रमोद बिस्सा, सम्पर्क प्रमुख शिवाजी गहलोत सह प्रमुख एडवोकेट नवल छगाणी जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

इस दौरान कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष संजय गांधी, एडवोकेट जोगेन्द्रसिह आजसर, गौ रक्षा प्रमुख धनराज गहलोत, कन्हैयालाल दवे, प्रखण्ड अध्यक्ष आशाराम माली, दिनेश पुरोहित, हनुमानसिह देवडा, जुगल पुरोहित, अशोक कुमार, जुगल जीनगर, दमाराम माली, हरिसिह मोडरडी, मूलाराम, विशाल दाधीच, अरुण छंगाणी, एडवोकेट सुरेश रंगा, एडवोकेट कुन्दनसिह राजगढ, एडवोकेट उदयराजसिह भाटी, प्रताप सिंह ईन्दा, अशीष जोशी, अशीष पुरोहित आदि मौजूद थे।

महिला सम्मेलन

जालोर, (का.सं.)। राजस्थान स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की श्रृंखला में महिला अधिकारिता विभाग द्वारा मंगलवार को जालोर क्लब में महिला सम्मेलन जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा व मंजू सोलंकी द्वारा लाडो प्रोत्साहन योजनान्तर्गत निकिता धवल, पेपी देवी व पूजा को सम्मानित किया। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत मंजू भूतड़ा पत्नी दामोदर भूतड़ा, उपेक्षा सिंह, कमला देवी, सबा मदीना उस्मानी, गुलाब कंवर, माया देवी, लक्ष्मी मीना, मंजु मेहता, लीला गहलोत, रेवती देवी, सीता बानु व शांति देवी को इंडेक्शन कूकर प्रदान किया गया।

तेंदुए की दहशत

बालोतरा, (नि.सं.)। बालोतरा के पचपदरा रिफाइनरी क्षेत्र में तेंदुए के देखे जाने से हड़कंप मच गया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, तेंदुए ने दो लोगों पर हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और स्थानीय प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है, रिफाइनरी में इंसान भी नहीं घुस सकता बिना परमिशन, तो तेंदुआ कहां से आया? यह सवाल सभी के मन में है।

अंतिम देय तिथि 31 मार्च

जालोर, (का.सं.)। खरीफ सीजन-2024 में लिये गये फसली ऋण की अंतिम देय तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है। ऋणी सदस्य देय तिथि से पूर्व बकाया अल्पकालीन ऋण जमा करवा राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा देय 4 प्रतिशत एवं 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान का लाभ उठा सकते हैं।

आम सूचना

मैसर्स श्री श्याम माईन्स एण्ड मिनरल्स गांव रोड़ा खेड़ा, तह. कालन्द्री , जिला- सिरोही मे भागीदारी फर्म का खनन पटटा खान विभाग द्वारा स्वीकृत है मय कृर्षि भूमि उक्त भागीदारी फर्म में श्रीमती उषा तिवारी पत्नी उमाशंकर तिवारी निवासी जालोर एवं श्री भगवानसहाय शर्मा पुत्र शिवकरण शर्मा नि. किशनगढ जिला अजमेर उक्त दोनो भागीदार का पत्येक का हिस्सा 20 प्रतिशत भागीदारी फर्म से निष्कासित दिनांक 31.03.2025 से कर दिये गये है । किसी भी शख्त का ऐजराज हो तो सूचना प्रकाशन के 7 कार्य दिवस के भीतर रजिस्ट्रार ऑफ कॉमर्स (DIC) जालोर में ऐतराज प्रस्तुत कर सकते है

मैसर्स श्याम माईन्स एण्ड मिनरल्स , गांव रोड़ा खेड़ा

आम सूचना

(फर्म मे भागीदार को हटाने के लिये)

मैसर्स - कृष्णा ग्रेनाईट्स, पता-खसरा नं.1919/1269, भागली सिंधलान जालौर -343001 (राज.) रजिस्ट्रेशन नं.RF/JLR/2021/2645 दिनांक 4.08.2021व्यवसायिक कार्यालय खसरा नं. 1919/1269 भागली सिंधलान जालौर - 343001(राज.) के भागीदार शपथ पत्र प्रस्तुत कर निवेदन करते है कि :- 1. फर्म के भागीदार श्रीमान बाबुलाल पुत्र श्री मादाजी माली मालियो की बाड़ी बेरा रतनार सायला जालौर 343022 (राज.) को दिनांक 19.01.2025 को मृत्यु होने पर हटाया जाता है तथा इनके स्थान पर श्री भरत कुमार पुत्र श्री बाबुलाल को पार्टनर बनाया जाता है । उनके परिवार के सभी सदस्यो द्वारा कानुनी उतराधिकारी नियुक्त किया गया तथा कानुनी प्रक्रिया पर सभी सदस्यो ने मिलकर सहमति व्यक्त की है ।

स्थान -जालौर

दिनांक -22.03.2025 शपथकर्ता

भरत कुमार माफी देवी

नोटिस ओर से - दिग्विजयसिंह एडवोकेट छबड़ा जिला बारां (राज.)

प्रेषित : श्री अर्जुन प्रजापति पुत्र चुन्नीलाल जाति प्रजापति निवासी- सुभाष नगर शहर पाली, जिला पाली (राज.) मो. 9928014079

नोटिस अंतर्गत धारा 138 परक्राम्य लिखित अधिनियम

महोदय,

मैं मेरे पक्षकार श्री खाटूश्याम दूध डेयरी प्रोपराईटर विष्णु कुमार आयु 30 वर्ष पुत्र अमरसिंह जाति यादव अहीर निवासी चौकी मोतीपुरा, तहसील छबड़ा, जिला बारां (राज.) के निर्देशानुसार आपको निम्नलिखित आशय का नोटिस प्रेषित करता हूँ :-

1. यह कि मेरा पक्षकार श्री खाटूश्याम दूध डेयरी प्रोपराईटर विष्णु कुमार दूध सप्लाई का कार्य करता था। सरस दूध डेयरी वर्ष 2022 से सरस दूध सप्लाई कर रहा है। सरस दूध के टेंकर का मालिक संदीप है और उस टेंकर पर आप ड्राइवरी का कार्य करते थे। इस कारण आप एवं मेरे पक्षकार में जान-पहचान हो जाने से परिचित हो गए थे और बाद में मेरे पक्षकार द्वारा सरस दूध डेयरी को दूध सप्लाई करना बंद कर दिया। इसके बाद आपने मेरे पक्षकार से व्यक्तिगत सम्पर्क कर आपने व्यक्तिगत रुप से मेरे पक्षकार से दूध खरीदने का कार्य प्रारंभ कर दिया था।

2. यह कि दिनांक 20.08.2024 से 10.09.2024 तक मेरे पक्षकार द्वारा आपको दूध दिया गया। जिसमें 7.90/- रुपए प्रतिफेट की दर तय की गई थी। मेरे पक्षकार का दूध 6 व 7 फेट का आपको दिया जाता था। दिनांक 01.09.2024 को 2230 लीटर, दिनांक 03.09.2024 को 2490 लीटर, दिनांक 06.09.2024 को 2641 लीटर, दिनांक 08.09.2024 को 2430 लीटर, दिनांक 10.09.2024 को 1803 लीटर यानि कुल 11594 लीटर दूध दिया। जिसकी कुल राशि 5,58,700/- रुपये हुई थी। जिसमें से 2,30,000/- रुपए का भुगतान आपने मेरे पक्षकार को कर दिया और शेष बकाया राशि 3,28,700/- रुपयों के भुगतान हेतु एक चैक संख्या 000029 राशि 3,28,700/- रुपये अक्षरे तीन लाख अठ्ठाइस हजार सात सौ रुपए दिनांक 25.02.2025 को एच.डी.एफ.सी. बैंक शाखा गणेश मार्केट पित्ती भवन स्टेशन रोड़, पाली (राज.) का जारी कर ऋण एवं दायित्व की पूर्ति में मेरे पक्षकार को चैक प्रदत्त किया था। जो आप द्वारा पूर्ति कर हस्ताक्षरित कर मेरे पक्षकार को दिया गया।

3. यह कि मेरे पक्षकार ने उक्त चैक को सिकारने हेतु भारतीय स्टेट बैंक शाखा छबड़ा, जिला बारां (राज.) में अपने खाता संख्या 42461436201 में प्रस्तुत किया। जहां से उक्त चैक को सिकारने के लिए एच.डी.एफ.सी. बैंक शाखा गणेश मार्केट पित्ती भवन स्टेशन रोड़, पाली (राज.) में भिजवाया गया। आपकी बैंक द्वारा चैक को अनादरित कर दिया गया। जहां से मेरे पक्षकार को दिनांक 26.02.2024 को मेमोरेण्डम इस पृष्ठांकन के साथ कि आपके खाता संख्या 50100352571431 एच.डी.एफ.सी. बैंक शाखा गणेश मार्केट पित्ती भवन स्टेशन रोड़, पाली (राज.) में पर्याप्त राशि नहीं (Insufficient Funds) है, इस कारण चैक अनादरित करते हुए जर्ये बैंक मेमो मेरे पक्षकार को लौटा दिया गया। 4. यह कि आपके द्वारा जानबूझकर आपके खाते में पर्याप्त राशि नहीं होने के बावजूद मेरे पक्षकार का रुपया हड़पने एवं धोखा देने की नियत से उक्त चैक जारी किया है। इस प्रकार से आपका उक्त कृत्य अंतर्गत धारा 138 परक्राम्य लिखित अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है।

अतः आपको कानूनी नोटिस प्रेषित कर सूचित किया जाता है कि आप नोटिस मिलने की दिनांक से 15 दिन के अंदर-अंदर मेरे पक्षकार को प्रदत्त चैक नंबर 000029 राशि 3,28,700/- रुपये अक्षरे तीन लाख अठ्ठाइस हजार सात सौ रुपए एवं नोटिस खर्च 5000/- रुपये कुल 3,33,700/- रुपए अदा कर रसीद प्राप्त कर लें एवं अपना चैक वापस प्राप्त कर लें अन्यथा बाद गुजरने मियाद नोटिस आपके विरुद्ध सक्षम न्यायालय में कानूनी कार्यवाही की जाएगी। जिसके समस्त हर्जे-खर्चे की जिम्मेदारी आपकी स्वयं की होगी। सूचित हो।

नोटिस की एक प्रति अग्रिम कार्यवाही हेतु मेरे कार्यालय में सुरक्षित रख ली गई है।

स्थान : छबड़ा भवदीय

दिनांक : 10.03.2025 दिग्विजयसिंह एडवोकेट छबड़ा, जिला बारां (राज.)